महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकःरू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2020–21 / 5121–56126 दिनांकः–20 जुलाई, 2021

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्व महाविद्यालय
एम.जे.पी.रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,
बरेली।

विषयः– परास्नातक अन्तिम वर्ष 2020–21 की समस्त प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्रांकः रू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2020–21 / 5597–5604 दिनॉक 09 जुलाई, 2021 एवं पत्रांकः रू.वि. / गोप. / प्रयो.मौ. / 2020–21 / 5673–78 दिनॉक 14 जुलाई, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, पूर्व में प्रेषित पत्र के कम में मा0 कुलपति महोदय के निर्देशानुसार मुख्य परीक्षा 2020–21 परास्नातक अन्तिम वर्ष की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षायें सम्पन्न करायी जानी है। परास्नातक पाठ्यकमों में छात्रों की संख्या कम है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए उनकी प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा का 50% समय कम करते हुए कोविड़–19 के सम्बन्ध में समस्त गाइडलाइन का पालन करते हुए सम्पन्न करायेगें। अन्य सहायता प्राप्त / राजकीय महाविद्यालयों से बाहय परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा आंमत्रित किये जा सकते हैं, परन्तु नियुक्त बाह्य परीक्षक द्वारा यह लिखित घोषणा–पत्र देना होगा कि वह अधिकतम 05 महाविद्यालयों में ही वर्तमान सत्र 2020–21 में बाहय परीक्षक के रूप में प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न करायेगें। परास्नातक अन्तिम वर्ष की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षायें सम्बन्धित महाविद्यालय अपनी सुविधानुसार वर्तमान दिनॉक से दिनॉक 19.08.2021 तक इस प्रकार सम्पन्न करा सकते हैं कि दिनॉक 19.08.2021 की दोपहर 12:00 बजे तक विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर सम्बन्धित प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के अंक अपलोड हो जायें। तत्पश्चात किसी भी महाविद्यालय के किसी भी दशा में अंक स्वीकार्य नहीं होगें।

आन्तरिक एवं बाह्य परीक्षकों को पूर्व की भॉति नियमानुसार पारिश्रमिक देय होगा।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सहायक कुलसचिव (परीक्षा)।
2. श्री रविन्द्र गौतम को विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. निजी सचिव–कुलपति, कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव।
5. प्रशासनिक अधिकारी (गोपनीय)।

परीक्षा नियंत्रक